## एक नजर में

### सोयाबीन फसल का जायजा लेने पहुंचा



**देवास।** कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के दल ने ग्राम टोंककलां, रंधनखेड़ी एवं चिड़ावद में खेतों का निरीक्षण कर सोयाबीन फसल की स्थिति का जायजा लिया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. आरपी शर्मा ने कृषकों को सोयाबीन फसल में सफेद मक्खी एवं एफिड की रोकथाम के लिए थायमेथोक्सम+लेम्डा सायहेलोथ्रिन 125 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर अथवा एसीटेमीप्रिड 25 प्रतिशत+बायफेथ्रिन 25 प्रतिशत डब्ल्यूजी 250 ग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करने की सलाह दी। साथ ही सफेद मक्खी के नियंत्रण के लिए खेत के विभिन्न स्थानों पर पीले स्टिकी ट्रैप लगाने की सलाह दी गई। निरीक्षण के दौरान दल द्वारा किसानों को सेमीलूपर इल्ली के नियंत्रण के लिए क्लोरएंट्रानिलिप्रोल 18.5 एसपी 150 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर अथवा इंडोक्साकार्ब 15.8 ईसी 333 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करने, पौध संरक्षण के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ अनुशंसित कीटनाशकों का छिड़काव, नेपसेक स्प्रेयर से 450 से 500 लीटर पानी प्रति हेक्टेयर तथा ट्रैक्टर चालित पावर स्प्रेयर से 120 से 150 लीटर पानी प्रति हेक्टेयर की मात्रा का उपयोग करने की सलाह दी गई। निरीक्षण दल ने बताया कि अधिक वर्षा होने की स्थिति में खेतों से अतिरिक्त जल की निकासी करें, ताकि फसल को जलभराव से होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।

### बच्चों ने सीखा मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाना




**सोनकच्छ।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सोनकच्छ के तत्वावधान में ग्राम भागसरा स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत बच्चों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में जगदीश प्रजापति ने विद्यार्थियों को मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा बनाने की विधि का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्रतिमा निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए स्वयं मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाकर भी समझाया। बच्चों ने उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया। विकासखंड समन्वयक मानसिंह मालवीय ने अभियान के उद्देश्य की जानकारी देते हुए कहा कि मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। साथ ही गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान जल स्रोतों में होने वाले प्रदूषण को कम करने में भी मदद मिलती है। उन्होंने लोगों से आगामी गणेशोत्सव में अधिक से अधिक माटी की प्रतिमाएं स्थापित करने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने 'घर-घर गणेश, हर घर गणेश-विराजे माटी गणेश' सहित पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नारे लगाए और माटी गणेश, सिद्ध गणेश का संदेश दिया। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष जितेंद्र नागर, नवांकुर संस्था शिव मोहनी सामाजिक सेवा समिति से नितेश कोटडिया, आदर्श युवा मंडल से कमल वर्मा एवं जितेंद्र सोलंकी सहित विद्यालय के प्राचार्य उपमन्यु ठाकुर, शिक्षक धर्मेंद्रसिंह सेंधव, सजनसिंह मालवीय और गौरव मुंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की स्वच्छता तथा प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

# चाकू की नोंक पर 9 टन आटे से भरा कंटेनर लूटा

## नाकाबंदी देख भागते कंटेनर ने ट्रांसफार्मर को मारी टक्कर

- **जीपीएस ने खोला राज, पुलिस ने कुछ ही घंटों में 5 आरोपियों को दबोचा**
- **मुखबिर तंत्र की मदद से देवास से इंदौर तक पुलिस ने किया पीछा**



**देवास।** आटा कंपनी से 9 टन माल लेकर निकल रहे कंटेनर को चाकू की नोंक पर लूटकर आरोपी इंदौर की ओर भाग निकले, लेकिन कंटेनर में लगा जीपीएस उनकी पूरी योजना पर भारी पड़ गया। लोकेशन के आधार पर पुलिस ने देवास से इंदौर तक पीछा शुरू किया और रास्ते में नाकाबंदी की। पुलिस को पीछे आता देख आरोपियों ने कंटेनर को सर्विस रोड पर उतार दिया, जहां वह अनियंत्रित होकर ट्रांसफार्मर से जा टकराया। पुलिस ने मौके से आरोपी को पकड़ा। पुलिस ने डकैती किया गया कंटेनर और उसमें भरा 9 टन आटा सहित करीब 50 लाख रुपए का पूरा माल बरामद कर लिया।

5 सितंबर को फरियादी संतोष मालवीय ने थाना औद्योगिक क्षेत्र में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह इंदौर स्थित शिवानी ट्रांसपोर्ट के कंटेनर क्रमांक एमपी 09 एजेड 1441का चालक है। इंदौर से खाली कंटेनर लेकर देवास स्थित अवंतिका फूड्स कंपनी राजीव नगर भट्टा में माल भरने आया था। कंपनी द्वारा कंटेनर में 310 कट्टे, कुल 9 टन आटा भरने के बाद जब फरियादी वाहन लेकर निकलने की तैयारी कर रहा था, तभी ड्राइवर साइड से एक व्यक्ति आया और फरियादी की कमर पर चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी देते हुए कॉलर पकड़कर उसे नीचे फेंक दिया।

घटना के बाद फरियादी से संपर्क करने पर पुलिस टीम को जानकारी मिली कि डकैती किए गए कंटेनर में जीपीएस डिवाइस लगा हुआ है तथा उसकी लोकेशन इंदौर की ओर जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराते हुए पुलिस टीम ने जीपीएस लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर कंटेनर का पीछा प्रारंभ किया। साथ ही कंट्रोल रूम इंदौर, थाना तेजाजी नगर एवं थाना राऊ को सूचना देकर नाकाबंदी के लिए अवगत कराया। देवास एवं इंदौर पुलिस की समन्वित कार्रवाई एवं लगातार पीछा किए जाने के चलते सेज यूनिवर्सिटी के पास पुलिस की नाकाबंदी देखकर आरोपी ने कंटेनर को मेन रोड से नीचे सर्विस रोड पर उतारदिया, जहांकंटेनरअनियंत्रितहोकरट्रांसफार्मरसेटकरा गया। मौकेपरपहुंचीपुलिसटीमनेकंटेनरमेंबैठेआरोपी सूरजपिता रामचंद्रबैरागी उम्र 19 वर्षनिवासी राजीवनगरभट्टा, देवासकोअभिरक्षामेंलिया। पूछताछमेंआरोपीसूरजनेअपनेचारअन्य साथियोंके साथ मिलकर 5 सितंबर की रात्रि करीब 8:30 बजे अवंतिका फूड्स कंपनी से कंटेनर की डकैती करना स्वीकार किया।

## परीक्षा रद्द करने सहित तीन मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**टोंकखुर्द।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर मंगलवार को ब्लॉक इकाई टोंकखुर्द ने टीईटी परीक्षा रद्द करने, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता बहाल करने और पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षक-कर्मचारी एकत्रित हुए और मांगों के समर्थन में आवाज उठाई।

डॉ. अनारसिंह ठाकुर ने परीक्षा को शिक्षकों के लिए अपमान भरा बताते हुए राज्य व केंद्र सरकार से इसे तुरंत रद्द करने की मांग की। जिला कार्यकारी अध्यक्ष राममूर्ति बिलावलिया ने वरिष्ठता बहाली की मांग उठाई। उद्बोधन में हजारीलाल चौहान ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। इसके पश्चात ब्लॉक इकाई अध्यक्ष रणधीरसिंह खिंची, सचिव सुरेंद्रसिंह सेंधव, कोषाध्यक्ष अनिल बिलावलिया के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम ऋतु चौरसिया को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन का वाचन लालसिंह बाघमार ने किया। आभार अरविंदसिंह सेंधव ने व्यक्त किया। इस अवसर पर संजय जैन, मनोज बैरागी, रामलखन चौहान, नजमा शेख, बेगम मालवीय, पद्मा गोयल, अर्जुनसिंह खिंची, उमेशसिंह खिंची, मुकेश धाकड़, हबीब पटेल, बाबूलाल कौरी, विजय त्रिवेदी, दिनेश व्यास, प्रेमसिंह जसोना, धर्मेंद्रसिंह सेंगर, सुरेंद्र पटेल, दिनेश मंडलोई, ब्रजकिशोर बिलावलिया, सुभाष सोनी, बहादुरसिंह चौधरी, नीलेश आर्य, राजेंद्र बगाना, प्रह्लाद बगाना, अखिलेश पटेल, बबीता नामदेव, सरिता पंवार, जितेंद्र मालवीय, हुकमसिंह मालवीय उपस्थित थे।

## टीन चद्दर चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

- **निशानदेही पर दो लाख रुपए कीमती की 50 चद्दरें बरामद**



**देवास। हाटपीपल्या थाना क्षेत्र में चोरी हुई टीन शेड की चद्दरों का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर करीब दो लाख रुपए कीमत की 50 टीन चद्दरें बरामद की हैं। चोरी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस टीम आरोपी तक पहुंची।**

टीन चद्दर चोरी के मामले में फरियादी अनोखीलाल राजोरिया ने हाटपीपल्या थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक यादव के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गोपाल पिता प्रहलादसिंह राठौड़ निवासी घुड़िया को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने टीन चद्दरें चोरी करना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की गई टीन शेड चद्दरें बरामद कीं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपए बताई गई है। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## कार की डिक्की में छिपा रखा था देशी रिवाल्वर

- **'ऑपरेशन प्रहार' में कांटाफोड़ पुलिस की कार्रवाई, 3.06 लाख रुपए का माल जब्त**




**देवास।** कार की डिक्की में देशी रिवाल्वर और छह राउंड छिपाकर ले जा रहे एक युवक को कांटाफोड़ पुलिस ने दबोच लिया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार सहित करीब 3.06 लाख रुपए का माल जब्त किया है। अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत कांटाफोड़ पुलिस को 6 सितंबर को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 09 सीसी 0724 से अवैध हथियार लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और कांटाफोड़-बिजवाड़ रोड पर ग्राम बिजवाड़ में खेत के सामने संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली।

**डिक्की खुली तो मिला हथियार**- पुलिस ने कार की डिक्की की जांच की तो उसमें हाथ से बना देशी रिवाल्वर और छह राउंड मिले। इसके बाद पुलिस ने मंगल पिता राजकुमार सिंह पटवा (34), निवासी ग्राम नेमावर को गिरफ्तार कर लिया।

### एक नजर — 4 वर्षीय बेटी के साथ बनाए मिट्टी के गणेश

## मिट्टी की प्रतिमा बनाकर एसपी ने दिया कार्यशाला को विराम



**देवास।** पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक आस्था को प्रकृति से जोड़ने के उद्देश्य से पिछले एक माह से चल रही 'मेरे गणेश, मिट्टी के गणेश' कार्यशाला का 1000वीं प्रतिमा के निर्माण के साथ समापन हुआ। देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने अपनी 4 वर्षीय बेटी इशना के साथ मिट्टी के गणेश बनाकर कार्यशाला को विराम दिया।

कार्यशाला में पहुंचे एसपी गेहलोत ने प्रतिमा निर्माण की प्रक्रिया, उपलब्ध संसाधनों, प्रशिक्षण और वितरण की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने प्रशिक्षकों से मिट्टी की प्रतिमा बनाने की विधि समझी और बेटी के साथ स्वयं गणेश प्रतिमा तैयार की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'मेरे गणेश, मिट्टी के गणेश' पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक परंपरा को साथ लेकर चलने वाला सार्थक अभियान है।

प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमाओं के बजाय मिट्टी की प्रतिमाओं को अपनाकर हम जलस्रोतों और पर्यावरण की सुरक्षा में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को ऐसे आयोजनों से जोड़ने पर उनमें धार्मिक आस्था के साथ प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होती है।

### गंगाजल एवं रुद्राक्ष की माला से स्वागत किया

एसपी ने देवासवासियों से अपील की कि इस गणेश उत्सव में अपने घरों में मिट्टी के गणेश की स्थापना करें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के संयोजक आदित्य दुबे एवं रिचा दुबे ने पुलिस अधीक्षक का गंगाजल एवं रुद्राक्ष की माला से स्वागत किया। आदित्य दुबे ने बताया कि इस वर्ष कार्यशाला में घरों में स्थापना योग्य 1 हजार मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं तैयार की गई। अभियान के दौरान करीब 600 विद्यार्थियों, आमजन को प्रतिमा निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में पहुंचकर विद्यार्थियों को भी मिट्टी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

# शाजापुर

## एक नजर में

### संत नागर को धमकी भरा पत्र मिलने से हड़कंप



**शुजालपुर, 8 सितंबर.** संत श्री पं. कमल किशोर नागर के सानिध्य में 4 सितंबर को श्री गुरु कृपा शबरी गौशाला भूराडावरा जिला झाबुआ में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के रात्रिकालीन सत्संग कार्यक्रम के दौरान धमकी भरा पत्र मिलने से हड़कंप मच गया. श्रद्धालुओं द्वारा भेंट स्वरूप दी गई सामग्री, शाल एवं श्रीफल आदि के बीच यह पत्र मिला पत्र की भाषा एवं विषयवस्तु को गंभीर मानते हुए संत नागर की सुरक्षा और आश्रम की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की गई है. संत श्री नागर गौ भक्त मंडल एवं क्षेत्रवासियों की ओर से 8 सितंबर को अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर को ज्ञापन सौंपकर मामले में आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई, ज्ञापन में बताया गया कि संत पं. कमल किशोर नागर लंबे समय से गौ-संरक्षण और धर्मांतरण के विरुद्ध जनजागरण के कार्यों से जुड़े है. उनके सानिध्य में क्षेत्र में धार्मिक एवं सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं. ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इसी क्रम में 4 सितंबर को भूराडावरा स्थित श्री गुरु कृपा शबरी गौशाला में भव्य सत्संग का आयोजन हुआ था. कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा दी गई भेंट सामग्री के बीच एक पत्र मिला, जिसमें कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी गई है. पत्र मिलने के बाद श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों में चिंता का माहौल है.

**सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग**

ज्ञापन में मांग की गई है कि धमकी भरे पत्र को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच कर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए. साथ ही संत पं. कमल किशोर नागर एवं आश्रम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जाए. मामले में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम भी ज्ञापन दिए जाने की बात कही गई है. ज्ञापन में संत नागर गौ भक्त मंडल एवं क्षेत्रवासियों की ओर से कैलाना नारायण, नन्दलाल पंचदेहरिया, मानसिंह पंचदेहरिया, वीरेन्द्र पंवार, रमेश परमार, नारायण सहित अन्य लोगों के नाम शामिल है.

### एसपी ने किया पुलिस चौकियों का आकस्मिक निरीक्षण

**आगर मालवा, 8 सितंबर.** एसपी दिलीप कुमार सोनी द्वारा मंगलवार को चौकी पिपलोन थाना कोतवाली एवं चौकी बिजानगरी थाना बड़ौद का आकस्मिक निरीक्षण किया गया. एसपी ने दोनों चौकियों की कार्यप्रणाली एवं व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए चौकी के समस्त रजिस्टर एवं अभिलेखों की जांच की. साथ ही मालखाने में रखी जप्त सामग्री एवं संपत्ति के रख रखाव, रिकॉर्ड संधारण तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

## चलती ट्रेन में चोरी करने वाले तीन आरोपी जीआरपी उज्जैन की गिरफ्त में

- **सीसीटीवी फुटेज की मदद से जीआरपी, आरपीएफ ने किया आरोपियों को ट्रेस**



**मक्सी, 8 सितंबर. जीआरपी उज्जैन द्वारा चलती ट्रेनों में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्रवाई के तहत चलती ट्रेन में चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.**

जानकारी के अनुसार फरियादिया गायत्री साहू निवासी बैतूल 4 अगस्त को ट्रेन 12914 त्रिशताब्दी एक्सप्रेस से बैतूल से इंदौर जा रही थी, बेरछा स्टेशन के पूर्व अज्ञात आरोपी द्वारा उनका लेडीज पर्स चोरी कर लिया गया था, जिसमें 30,000 नगद, मोबाइल एवं सोने का मंगलसूत्र सहित कुल 95,000 का मशरूका था, रिपोर्ट पर से थाना जीआरपी उज्जैन में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जीआरपी एवं आरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने, निगरानी बदमाशों की जांच एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेहियों इरशाद उर्फ दिलशाद, सलमान एवं समीर मेवाती को बेरछा से घेराबंदी कर पकड़ा गया. पूछताछ में आरोपियों ने ट्रेन में पर्स चोरी करना स्वीकार किया. आरोपियों से 13,000 नगद बरामद किए गए. तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया. आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी, मारपीट एवं जुआ संबंधी आपराधिक रिकॉर्ड पाए गए है. इस कार्रवाई में जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक दीपक भगत, आरपीएफ प्रभारी विकास गुर्जर सहित जीआरपी एवं आरपीएफ के अधिकारी-कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## 19 वर्षीय युवक फंदे पर लटका मिला



**शुजालपुर, 8 सितंबर. अवंतिपुर बड़ोदिया थाना क्षेत्र के खेजड़िया गांव में मंगलवार सुबह 19 वर्षीय युवक घर में फंदे पर लटका मिला. परिजन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए पोलायकलां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया. मृतक की पहचान ऐलम नाथ पिता जीवन नाथ निवासी खेजड़िया के रूप में हुई है.**

पुलिस के अनुसार युवक मजदूरी करता था। घटना के समय उसकी पत्नी और मां घर पर थी. आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है. मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है, पुलिस घटना के कारणों और परिस्थितियों को लेकर परिजन से पूछताछ कर रही है.

### साक्षरता दिवस पर लिया संपूर्ण साक्षरता का संकल्प

**शुजालपुर, 8 सितंबर.** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदखेड़ा में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों एवं स्टाफ को संपूर्ण साक्षरता का संकल्प दिलाया गया. वहीं शिक्षा विभाग के एईओ केंद्र सहित क्षेत्र में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक चेतना केंद्रों पर भी साक्षरता दिवस मनाया गया. कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा संचालित नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अपने गांव, शहर, मोहल्ले और आसपास के क्षेत्र को संपूर्ण साक्षर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया. विद्यार्थियों से कहा गया कि वे अपने घरए परिवार, पड़ोस और समाज में ऐसे लोगों को चिन्हित करें जो अभी तक अक्षर ज्ञान से वंचित हैं तथा उन्हें साक्षर बनाने में सहयोग करें.

### एक नजर — माटी से गणेश प्रतिमा निर्माण के साथ दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का दिया प्रशिक्षण



**शाजापुर, 8 सितंबर. मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक शाजापुर के तत्वावधान में माटी गणेश (सिद्ध गणेश) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य माटी से भगवान गणेश की प्रतिमा निर्माण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी अपनाने तथा भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन अभियान परिषद के अशासकीय सदस्य एवं विनोद मोहने रहे. विशेष अतिथि के रूप में अनिल वर्मा, राजाराम कटारिया, आईटीआई प्राचार्य इंदर धाकड़, बसंत रावत एवं माटी गणेश के प्रशिक्षक कुलदीप सेंधव उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती की पूजा-अर्चना से हुआ. अतिथियों का तिलक एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया. कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत करते हुए ब्लॉक समन्वयक बसंत रावत ने जन अभियान परिषद द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों एवं जनभागीदारी के कार्यों की जानकारी दी. मुख्य अतिथि विनोद मोहने ने कहा कि माटी से गणेश प्रतिमा निर्माण हमारी आस्थाए संस्कृति और परंपरा से जुड़ा हुआ है. पर्यावरण हितैषी माटी गणेश की स्थापना से धार्मिक आस्था के साथ-साथ जल एवं पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है. उन्होंने युवाओं से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया. कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं समिति सदस्यों को माटी से गणेश प्रतिमा निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया. प्रतिभागियों ने स्वयं माटी से गणेश प्रतिमा बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. वक्ताओं ने आगामी गणेश उत्सव में अधिक से अधिक लोगों को माटी गणेश की स्थापना के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता बताई. कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता महेश सिसोदिया ने किया. कार्यक्रम के माध्यम से (माटी गणेश, सिद्ध गणेश) का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण स्वदेशी अपनाने एवं संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया गया.


**न्यायालय तहसीलदार तहसील आगर जिला आगर मालवा म.प्र.**

क्रमांक/रीडर/2026/1059
आगर-मालवा दिनांक 03/09/2026
प्रकरण क्रमांक-0001/अ-20(2)/2025-26

**::उद्घोषणा क्रमांक 02::**

सर्व साधारण जनता ग्राम पुरा ऊर्फसाहबनगर को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा ग्राम पुरा SUBSIDIARY INTELLIGENCE BUREAU BHOPAL निवासी भोपाल द्वारा ग्राम पुरा ऊर्फसाहबनगर तहसील आगर के भूमि सर्वे नंबर 20/1 रकबा 9.310 हे. में से रकबा 0.12 हे. भूमि विभाग SUBSIDIARY INTELLIGENCE BUREAU BHOPAL उनके पक्ष मे आवंटित किए जाने हेतु आर.सी.एम.एस. के माध्यम से ऑनलाईन प्रकरण प्राप्त हुआ।

उक्त आवेदन के संबंध मे किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक 18/09/2026 तक आवेदन या आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद म्याद गुजर जाने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाकर प्रकरण मे अग्रीम कार्यवाही की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मद मुद्रा से आज दिनांक 03/09/2026 को जारी की गयी।

**तहसीलदार**
**तहसील आगर**